# इंटरनेशनल ट्रेड शो में सेक्टरवार लगेगी कौशल प्रदर्शनी

लखनऊ। नोएडा में लगने वाले उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सेक्टरवार कौशल प्रदर्शनी लगाएगा। मिशन के स्टॉल पर विभिन्न कौशल का लाइव प्रदर्शन, उनकी प्रस्तुति की गुणवत्ता तथा आने वालों को प्रभावशाली तरीके से जानकारी दी जाएगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर बुधवार को समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों व वर्चुअल जुड़े प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देश दिया कि सभी तैयारी समय से पूरी करें। उन्होंने नवाचार को शामिल करने, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग व स्टॉल को अधिक इंटरैक्टिव और दर्शनीय बनाने पर जोर दिया। यहां सभी सेक्टर से संबंधित कौशल का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा ताकि लोग उसे न सिर्फ देख बल्कि उनकी निर्माण प्रक्रिया को भी समझ सकेंगे।

खरे ने बताया कि प्रदर्शनी में चयनित कौशल और कृषि में आधुनिक तकनीकी के प्रयोग, प्लास्टिक उत्पादों की डिजाइनिंग व निर्माण, रोबोटिक्स मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस, ब्लैक पॉटरी, ड्रोन तकनीकी, खेल सामग्री निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, हाथ की कढ़ाई, वाराणसी का वुडन क्राफ्ट व मॉडर्न अपैरल सेक्टर शामिल होगा। ब्यूरो

## इंडिया स्किल कॉम्पटीशन में कराएं ज्यादा से ज्यादा नामांकन

लखनऊ। कौशल विकास मिशन मुख्यालय में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने कौशल मंत्रालय की ओर से आयोजित किए जा रहे इंडिया स्किल कॉम्पटीशन की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही इसके लिए ज्यादा से ज्यादा नामांकन कराने पर जोर दिया। नामांकन की आखिरी तिथि 30 सितंबर है। बैठक में सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, एमआईएस मैनेजर तथा जिला समन्वयक को उन्होंने प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इसमें युवाओं को पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। ब्यूरो